प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 05.07.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

## मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में आयोजित शक्ति केंद्र संयोजक सम्मेलन में हुए शामिल : कहा– डबल इंजन की सरकार ने बिना भेदभाव हर वर्ग को दिया योजनाओं का लाभ।
2. लखनऊ दौरे के दूसरे दिन भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने एनडीए के सहयोगी दलों और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ की बैठक : आगामी विधानसभा चुनाव की रणनीति पर की चर्चा।
3. केंद्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने विकसित भारत रोजगार आजीविका मिशन–ग्रामीण अधिनियम के तहत राज्यों को 25 हजार करोड़ की सहायता राशि की जारी।
4. अयोध्या के श्रीराम मंदिर चढ़ावा प्रकरण में जिला कारागार में 5 आरोपियों से फिर हुई पूछताछ : कल मंदिर ट्रस्ट की बैठक में महासचिव चंपत राय और सदस्य अनिल मिश्रा के इस्तीफे पर होगा फैसला।
5. प्रदेश के कई जिलों में आज बारिश के बाद लोगों को गर्मी से मिली राहत : मौसम विभाग ने 8 से 10 जुलाइ के बीच राज्य के अधिकांश हिस्सों में वर्षा का जताया अनुमान।

---

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज लखनऊ के राष्ट्र प्रेरणा स्थल में आयोजित शक्ति केंद्र संयोजक सम्मेलन में शामिल हुए। कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवोन, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक भी मौजूद थे। जनसभा को संबोधित करते हुए श्री योगी ने कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर वर्ग को बिना भेदभाव के पहुंचाया गया है और डबल इंजन सरकार विकासोन्मुखी और जनकल्याणकारी कार्य निरंतर कर रही है। बाइट.....

*आज जो विकास दिखाई दे रहा है, आज जो सुरक्षा का मॉडल है, आज जो सुशासन का मॉडल है और जिस प्रकार से डबल इंजन की सरकार समाज के प्रत्येक तबके के लिए क्या वह युवा हो, क्या वह आधी आबादी बहन और बेटियों के स्वावलंबन और सुरक्षा से जुड़ा हुआ मुद्दा हो, क्या वह अन्नदाता किसान हो या गरीबों तक शासन की योजना का लाभ बिना भेदभाव के उपलब्ध करवाने का कार्य बिना रुके हुए, बिना डिगे हुए, बिना झुके हुए, बिना थके हुए निरंतर पहुंचाने का कार्य कर रही है।*

इस अवसर पर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की ये खूबी है कि यहां जो कार्यकर्ता बूथ पर काम करता है, जो शक्ति केंद्र में काम करता है वो पार्टी के शीर्ष स्थान पर पहुंच सकता है।

श्री नवीन ने कहा कि विगत समय में जिन विषयों को लेकर पूरी दुनिया में अस्थिरता रही फिर भी हमारा नेतृत्व सजग रुप से जनता की चिंता करता रहा। बाइट...

*पिछले समय में जिन विषयों को लेकर पूरे विश्व में भी अस्थिरता रही फिर भी हमारा नेतृत्व सजग रूप से हमारे लोगों की चिंता करता रहा। मैं विश्व अस्थिरता के बावजूद भी हमारे नेता माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जनता को कोई तकलीफ नहीं होने दिया। हमने यह चिंता की कि विश्व में कोई भी देश किसी भी प्रकार से काम करें। भारत की राजनीतिक और डिप्लोमेटिक राजनीति हमेशा सबको लेकर साथ चलने की रही है।*

————————

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने आज लखनऊ पार्टी के वरिष्ठ नेताओं, पूर्व अध्यक्षों और एनडीए सहयोगी दलों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान 2027 विधानसभा चुनाव की रणनीति पर चर्चा की गई। उन्होंने दावा किया कि 2027 में प्रचंड बहुमत से लगातार तीसरी बार सरकार बनेगी। मीडिया से बात करते हुए भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन ने सेवा और विकास के एजेंडे पर जोर दिया। सहयोगी दलों की बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए अपना दल–एस के उपाध्यक्ष और प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री आशीष पटेल ने बताया कि विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के साथ–साथ गठबंधन सहयोगियों के बीच समन्वय को लेकर खास तौर पर बात की गई। बाइट....

*विशेष रूप से जो समन्वय का कार्य कैसे उस पर चर्चा हुई है और मैं इतना जरूर कहूंगा आपको कि एनडीए की इस जीत में अपना दल ने हमेशा से महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है और आगे भी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे।*

————————

केन्द्रीय कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने पहली जुलाई से विकसित भारत रोज़गार और आजीविका गारंटी मिशन–ग्रामीण, वीबी–जी रामजी–अधिनियम–2025 सफलतापूर्वक लागू होने पर प्रसन्नता जताई है। श्री सिंह ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए इस मिशन के अंतर्गत राज्यों के लिए 25 हज़ार करोड़ रुपये की मुख्य सहायता राशि जारी की। श्री चौहान ने कहा कि जारी की गई पहली किस्त का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि राज्यों के पास पर्याप्त धनराशि हो ताकि मजदूरी का भुगतान 15 दिनों के भीतर किया जा सके। उन्होंने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य देश के सभी गावों को समृद्ध और विकसित बनाना है।

*मनरेगा को पूरे देश में लागू करने में 3 साल लगे थे, लेकिन मुझे आप सब पर गर्व है 1 साल 2 साल नहीं, पहले दिन ही विकसित भारत जी राम जी योजना एक साथ पूरे देश में लागू हो गई। सौ दिन नहीं अब 125 दिन रोजगार। 5 साल में साढ़े सात लाख करोड़ से ज्यादा की राशि दो लाख 86 हजार पंचायतों में ठीक से लग गई तो गांव संपूर्ण विकसित हो जाएंगे, समृद्ध और विकसित गांव का निर्माण हो जाएगा।*

श्री चौहान ने कहा कि वीबी–जी–रामजी योजना के तहत मजद्री दरों में औसतन लगभग 10 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

———————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

अयोध्या स्थित श्री राम मंदिर चढ़ावा मामले में जांच तेज हो गई है। मामले के विवेचक ने आज जिला कारागार में आठ आरोपियों में से पांच से करीब 6 घंटे तक पूछताछ की। एक रिपोर्ट....

*राम मंदिर दान घोटाला मामले में जांच लगातार आगे बढ़ रही है। मामले में सीओ अयोध्या और विवेचक आशुतोष तिवारी जिला कारागार पहुंचे, जहां उन्होंने पांच आरोपियों लवकुश मिश्रा, रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू, मनीष यादव, करुणेश पांडेय और अनुकल्प मिश्रा से विभिन्न पहलुओं पर पूछताछ की। वहीं राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट की कल होने वाली अहम बैठक पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं। बैठक में दान घोटाला प्रकरण के साथ चंपत राय और अनिल मिश्रा के त्याग पत्र पर विचार किया जाएगा। ट्रस्ट के सदस्य राम मंदिर की व्यवस्था सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर मंथन कर आगे की रणनीति तय करेंगे। तन्मय सोनी आकाशवाणी समाचार,अयोध्या।*

——————————

गन्ना किसानों और उनके परिवारों को सामाजिक सुरक्षा देने के उद्देश्य से कल से 11 जुलाई तक प्रदेश की सहकारी गन्ना विकास समितियों द्वारा विशेष सुरक्षा जागरूकता और नामांकन महाभियान संचालित किया जा रहा है। एक रिपोर्ट....

*प्रदेश की सहकारी गन्ना विकास समितियां इस अभियान की मुख्य नायक के रूप में कार्य करेंगी। समितियां अब सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के प्रचार–प्रसार, जागरूकता, नामांकन तथा लाभार्थियों तक योजनाओं की पहुंच में अग्रणी भूमिका निभाएंगी। समितियां केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने वाली प्रभावी संस्थागत व्यवस्था के रूप में स्थापित होगीं। अभियान के माध्यम से किसानों एवं उनके परिवारों को प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, सहित केंद्र सरकार की विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं से जोड़ते हुए आर्थिक सुरक्षा, वित्तीय समावेशन और भविष्य की सामाजिक स्थिरता सुनिश्चित की जाएगी। अभियान के दौरान सभी समिति परिसरों में बैंकों, इफको, चीनी मिलों और अन्य सहयोगी संस्थाओं के संयुक्त सहयोग से विशेष सहायता एवं नामांकन काउंटर स्थापित किए जाएंगे। यह अभियान विकसित भारत–विकसित उत्तर प्रदेश के संकल्प को गति देने के साथ–साथ किसानों के समग्र कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर सिद्ध होगा। समाचार कक्ष से फ़ज़ल इनाम।*

———————————

**उत्तर प्रदेश आम महोत्सव–2026 का आज इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में समापन हो गया। इस अवसर पर प्रदेश के उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि सरकार किसानों की आय बढ़ाने और यूपी के आमों को वैश्विक पहचान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि प्रदेश का आम वर्तमान में 30 से अधिक देशों में निर्यात किया जा रहा है और जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के शुरू होने से निर्यात को और बढ़ावा मिलेगा। श्री सिंह ने समापन समारोह में विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को सम्मानित किया और महोत्सव में 1501 प्रतिभागियों ने 3032 आम के नमूने प्रदर्शित किए तथा विभिन्न श्रेणियों में 147**

पुरस्कार प्रदान किए गए। मलिहाबाद के मोहम्मद इकबाल अहमद को सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शक का पुरस्कार दिया गया।

——————————

केंद्र सरकार ने कीमतों पर नियंत्रण के लिए बफर प्याज के ख़रीद मूल्य में 13 प्रतिशत की वृद्धि की है। प्याज की कीमत अब एक हज़ार 875 रुपये प्रति क्विंटल से बढ़कर दो हज़ार 125 रुपये प्रति क्विंटल हो गई है।

——————————

प्रदेश में मानसून आने के बाद से बारिश का सिलसिला जारी है। गाजियाबाद, हापुड़, जालौन, प्रयागराज, बलिया और जौनपुर सहित 10 शहरों में आज हुई बारिश से लोगों को गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के मुताबिक एक जून से 4 जुलाई के बीच उत्तर प्रदेश में 44 मिली मीटर बारिश रिकार्ड की गई, जो पिछली बार की तुलना में 44 प्रतिशत कम है। मौसम विभाग ने राज्य के अधिकांश हिस्सों में आगामी आठ से 10 जुलाई के बीच गरज–चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान जताया है।

——————————